



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**जुलाई–2019**

***अन्दर के पृष्ठों पर........***

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय का भ्रमण

दिनांक 21.06.2019 : श्री अभिषेक दीक्षित, आई0पी0एस0 (आर0आर0–2006) (तमिलनाडु संवर्ग) का उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली से भिज्ञ कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।






श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर ने श्री दीक्षित का मुख्यालय पर स्वागत किया तथा उन्हें यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में पुलिस दूरसंचार हेतु कुम्भ मेला–1938 के प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना तथा पुलिस रेडियो मुख्यालय का इतिहास, रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी। वर्ष 1952 से 1971 तक पुलिस रेडियो संगठन के प्रथम भारतीय मुखिया एवं 'पद्म श्री छत्रपति जोशी' के पुलिस रेडियो एवं अन्य योगदानों के सम्बन्ध में बताया गया। श्री जोशी के कार्यकाल में नीलामी में क्रय कण्डम वायरलेस सेटों से विभाग के उपयोग हेतु सेट बनाये जाने की व्यवस्था से भी श्री दीक्षित को अवगत कराया गया।

श्री एस0पी0 सिंह ने रेडियो मेल/क्यू–मेल/संकेत कक्षों की पुलिस दूरसंचार के लिये उपयोगिता एवं महत्ता को भी स्पष्ट किया तथा इन केन्द्रों का भ्रमण कराया।

श्री बाबूराम यादव, अपर राज्य रेडियो अधिकारी ने केन्द्रीय कर्मशाला का भ्रमण कराया व सीसीटीवी, कम्प्यूटर, एच0एफ0/वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों की जानकारी दी। कर्मशाला में मरम्मत कार्य व उपकरणों के सर्किट, आई0सी0 इत्यादि महत्वपूर्ण स्पेयर्स की जानकारी भी दी गयी। श्री यादव ने पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एच0एफ0/वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनालॉग/डिज़ीटल तकनीकी के उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कराकर उनकी विशेषताओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी।

श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी ने पुलिस रेडियो संगठन के सम्बन्ध में सारगर्भित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संगठन के कार्यकलापों एवं उपकरणों तथा आवृत्ति आवंटन, संचार उपकरणों की लाइसेंसिंग, स्पेक्ट्रम चार्जेज़, इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी। श्री दीक्षित ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया गया। श्री दीक्षित ने रेडियो मुख्यालय के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया। श्री दीक्षित ने अपने विस्तृत अनुभव के आधार पर यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी अन्य पुलिस बलों से कम नहीं है और कई मायनों में तकनीक का प्रयोग बेहतर है।



## सराहनीय कार्य

● निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 30.06.2019 | मुरादाबाद |
| 23.06.2019 | वाराणसी, आजमगढ़ |
| 22.06.2019 | वाराणसी |
| 14.06.2019 | गौतमबुद्धनगर |
| 04.06.2019 | गाजीपुर |
| मा0 उप मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 30.06.2019 | मुरादाबाद |

## कल्याणकारी कार्य

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जून–2019 में 266 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## पदोन्नति

● उत्तर प्रदेश शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 की विज्ञप्ति/पदोन्नति संख्याः 1068/6–पु–1–19–1399(32)/88टीसी–।। दिनांक 18.06.2019 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग के 02 रेडियो निरीक्षकों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से सहायक रेडियो अधिकारी के रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं। उक्तानुसार प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में श्री आलोक मिश्र एवं श्री श्यामा कुमार सिंह की पदोन्नति सहायक रेडियो अधिकारी पद पर होने के फलस्वरुप अधिकारीद्वय द्वारा दिनांक 18.06.2019 को कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा दोनों अधिकारियों को सहायक रेडियो अधिकारी पद के बैज लगाकर बधाई दी गयी।





## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

1. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः उन्नीस–158–2019 (स्थानान्तरण) दिनांक 24.06.2019 द्वारा सम्पूर्ति अनुभाग–19 से सम्बन्धित (पुलिस के राजकीय वाहनों सम्बन्धी) सभी कार्य दिनांक 01.04.2019 से अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स, उ0प्र0 द्वारा सम्पादित किये जाने सम्बन्धी निर्देश दिये गये हैं।

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्रांकः डीजी–तीन–निर्देश/2019 दिनांक 21.06.2019 द्वारा 1–तिलक मार्ग, लखनऊ स्थित मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 वर्तमान में टॉवर–2, पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002 में स्थानान्तरित हो जाने के कारण पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय के परिवर्तित दूरभाष नम्बर 0522–2390240/2724003 से सूचित किया गया है।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–1–146–80 दिनांक 02.06.2019 द्वारा नवनिर्मित पुलिस भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग) में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के निर्देशानुसार कतिपय दायित्वों के सुचारु रूप से निर्वहन हेतु पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0 एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा किये जाने वाले कार्यों का विभाजन किया गया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

● दिनांक 21.06.2019 : वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा, श्रीमती नीलम सिंह एवं एसोसिएशन की सदस्याओं ने पुलिस लाइन, लखनऊ में प्रथम बार आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थित पुलिस परिजनों के कल्याणार्थ योग की महत्ता एवं लाभों से अवगत कराया व सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वयं भी योग करके अन्य को प्रेरणा दी।





● दिनांक 21.06.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षित योग शिक्षिकाओं ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइज़री के अनुसार योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर कार्मिकों को जीवन में योग की महत्ता से परिचित कराते हुए योग से होने वाले लाभों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। योगाभ्यास में श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), श्री आनन्द शेवड़े, सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण, श्री रुपक कुमार सिन्हा, रेडियो निरीक्षक, प्रशिक्षण, प्रशिक्षण केन्द्र का स्टाफ, सभी प्रशिक्षणार्थी एवं काफी संख्या में रेडियो मुख्यालय के अन्य कार्मिक सम्मिलित हुए।







रेडियो निरीक्षक, मुज़फ्फरनगर श्री नेपाल सिंह सिरोही ने पहाड़ों में स्थित श्री तुंग नाथ शिव मन्दिर परिसर में योगाभ्यास किया।





## वित्तीय प्रबन्धन हेतु मार्गदर्शन

दिनांक 20.06.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में कार्मिकों के सुरक्षित वित्तीय

प्रबन्धन हेतु व्याख्यान सम्पन्न हुआ। व्याख्यान में पंजाब नेशनल बैंक मेटलाइफ, हलवासिया, लखनऊ ब्रान्च से श्री शिरीन सक्सेना, ब्रान्च मैनेजर, श्री राजीव खरे, एक्ज़ीक्यूटिव बिज़नेस मैनेजर, श्री ललित जायसवाल, वरिष्ठ प्रबन्धक (बीमा) एवं श्री अम्बरीश सक्सेना, वरिष्ठ प्रबन्धक (बीमा) ने कार्मिकों को बीमा, जमा, सुरक्षित निवेश एवं लाभ के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट की तथा बाजार में उपलब्ध विकल्पों एवं पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लॉन्च की गयी नयी बचत, बीमा योजनाओं के आयकर छूट तथा निश्चित बचत इत्यादि प्राविधानों के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।







## अग्निशमन कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

● दिनांक 19.06.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में अग्नि एवं अग्नि से सुरक्षा विषय पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें उ0प्र0 अग्निशमन विभाग के एफ0एस0ओ0, श्री शान्तनु कुमार यादव एवं एफ0एस0एस0ओ0, श्री अशोक कुमार मिश्र एवं श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ने लगभग 175 प्रतिभागियों को अपने सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान से लाभान्वित किया। प्रतिभागियों को पॉवर प्वाइण्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अग्नि त्रिकोण, ए, बी, सी, डी, ई एवं के प्रकार के अग्निशमन उपकरण एवं उपकरणों की प्रयोग विधि समझायी गयी। तदोपरान्त अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सम्मिलित महिलाओं ने भी अग्निशमन उपकरणों को चलाकर देखा। प्रतिभागियों को गम्भीर अग्नि दुर्घटनाओं की कमियों एवं उनसे बचने के उपाय, अग्नि की अवस्था में संयत व्यवहार/धुँए से बचाव/रेंगकर बाहर निकलने, बन्द कमरों में अँगीठी का प्रयोग न करने, मानकों के अनुरुप विद्युत उपकरणों व विद्युत तारों के प्रयोग, वाहनों के एक्ज़ास्ट से निकलने वाली जहरीली गैसों से बचाव, घरेलू गैस सिलेण्डर के प्रयोग में सावधानियाँ एवं अग्नि की दशा में की जाने वाली कार्यवाहियाँ, इत्यादि बिन्दुओं पर दृष्टांन्तो के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण/मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला के व्याख्यानों एवं प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।











## विभागीय प्रशिक्षण गतिविधियाँ

● दिनांक 17.06.2019 : 95वें ग्रेड–द्वितीय दल के 100 प्रशिक्षणार्थियों की मेस मीटिंग सम्पन्न की गयी।

● दिनांक 03.06.2019 : दिनांक 01.06.2019 से 95वें ग्रेड–द्वितीय दल के 100 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण का औपचारिक शुभारम्भ करते हुए श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण मनोयोग एवं रुचि से सभी कक्षाओं में उपस्थित रहकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान परम्परागत सामान्य शिष्टाचार एवं अनुशासन के उच्च आदर्शों का पूर्ण रुप से पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।



## सेवानिवृत्ति

● उ0प्र0 पुलिस रेडियो से माह जून–2019 में निम्न 37 अराजपत्रित कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री आलोक मिश्र, रेडियो मुख्यालय, 2. निरीक्षक, गोपनीय, श्री रमेश चन्द्र सैनी, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश कुमार, सहारनपुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेश दत्त मिश्र, लखनऊ, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश कुमार पाठक, लखनऊ, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रविश कुमार, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शरद प्रधान, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम दास वर्मा, जालौन, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पप्पू सिंह, मेरठ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दलवीर सिंह, बुलन्दशहर, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम नरेश राम, गाजीपुर, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अमर नाथ सिंह यादव, वाराणसी, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हामिद खान, मथुरा, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्याम बाबू, कानपुर देहात, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वेद सिंह सेंगर, कानपुर नगर, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विशम्भर सिंह, श्रावस्ती, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेश कुमार सिंह चौहान, इटावा, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, गोरखपुर, 19. रेडियो

उपनिरीक्षक, श्री योगेश कुमार शर्मा, मेरठ, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अब्दुल कासिम, गोरखपुर, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह, रेडियो मुख्यालय, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओम प्रकाश पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरविन्द कुमार सिंह, अयोध्या, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रामायण राम, मऊ, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सिया राम सिंह, गाजीपुर, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मसरुर अहमद, चित्रकूट, 27. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विनोद कुमार शुक्ला, रेडियो मुख्यालय, 28. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, गाजीपुर, 29. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनिल कुमार सिंह, लखनऊ, 30. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुनव्वर हुसैन, वाराणसी, 31. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ब्रिजेन्द्र प्रताप सिंह, रेडियो मुख्यालय, 32. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री देवी शरण द्विवेदी, फतेहपुर, 33. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुशील कान्त पाठक, बरेली, 34. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आफताब रज़ा हुसैन, बरेली, 35. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रेम कान्त दीक्षित, रेडियो मुख्यालय, 36. प्र0परि0/777, प्रेम सिंह रावत, बिजनौर, 37. सफाई मजदूर, रामावती, रेडियो मुख्यालय।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई सुनिश्चित की गयी।



## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- दिनांक 26.06.2019 : श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने कानपुर एवं बरेली ज़ोन के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



- दिनांक 25.06.2019 : श्री असीम अरुण, अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस ने एटीएस इकाईयों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण के वेब पेज का अपग्रेडेशन

जून 2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण के वेब पेज को अपग्रेड किया गया जिसके उपरान्त प्रशिक्षण संस्थान से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियाँ, प्रशिक्षण पाठ्य सामग्री/मैनुअल एवं न्यूज़ लेटर अलग–अलग शीर्षकों के अन्तर्गत इण्टरनेट पर कार्मिकों की सुविधा हेतु अपलोड करा दिये गये हैं। समस्त विवरण निम्न लिंक पर उपलब्ध है– https://uppolice.gov.in/pages/en/topmenu/police-units/telecom/en-police-radio-training-centre

### UTTAR PRADESH POLICE TELECOM TRAINING INSTITUTE

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| About Us | Mission Statement | Motto | Location Map | History of Institute |
| Infrastructure | Training Activities | Achievements | Recent visit by IAS & IPS trainees | Other Activities |

### TRAINING MATERIALS/MANUALS

Guidelines for Police Communication Arrangements during Elections NEW

VHF Radio Telephony Operation Manual NEW

Digital Mobile Radio Manual NEW

Telephone Duty Operator Training Manual

Soft Skills Program for Modern Control Room Personnel

Modern Control Room (Computer Aided Dispatch) Training Manual

### NEWS LETTERS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| JAN 2019 | FEB 2019 | MAR 2019 | APR 2019 | MAY 2019 | JUN 2019 NEW |
| JUL 2019 | AUG 2019 | SEP 2019 | OCT 2019 | NOV 2019 | DEC 2019 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| JAN 2018 | FEB 2018 | MAR 2018 | APR 2018 | MAY 2018 | JUN 2018 |
| JUL 2018 | AUG 2018 | SEP 2018 | OCT 2018 | NOV 2018 | DEC 2018 |
| DEC 2017 | | | | | |

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300